

**मेरे पास तुम्हारी टीम तो तो हम चैंपियन बनते**

रैना ने आगे बताया कि धोनी ने उनसे कहा था कि अगर मेरे पास तुम्हारी टीम होती तो मैं चैंपियन बनता। रैना ने कहा, हम उस सीजन में अच्छा खेल रहे थे। उन्होंने मुझे कहा, अगर मेरे पास तुम्हारी टीम तो तो हम चैंपियन बनते। वह मुझे समझा रहे थे। उस दिन उनका मैच नहीं था और वह मेरी टीम कॉम्बिनेशन व अन्य चीजों के बारे में पूछ रहे थे।

## धोनी ने किया था रैना से मजाक कहा था आओ कप्तान साहब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुरेश रैना ने महेंद्र सिंह धोनी के साथ बातचीत के कुछ अनोखे किस्से सुनाए हैं। ये दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। हालांकि इंडियन प्रीमियर लीग में ये चेन्नई सुपर किंग्स के लिए साथ खेलते हैं। रैना और धोनी की दोस्ती समय के साथ–साथ काफी मजबूत हो गई है। सुरेश रैना ने उस वक्त का जिक्र किया है जब चेन्नई सुपर किंग्स को दो साल के लिए बैन कर दिया गया था। साल 2016 और 2017 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ राजस्थान रॉयल्स को बैन किया गया था। इन टीमों के खिलाड़ी गुजरात लायंस और राइजिंग पुणे सुपरजायंट की टीमों में गए थे। रैना के कहा कि अपनी टीम के पुराने साथियों के खिलाफ खेलना एक मिली–जुली फीलिंग थी। रैना गुजरात लायंस टीम के कप्तान बने थे वहीं धोनी RPS की टीम की अगुआई कर रहे थे। रैना ने याद किया जब वह बल्लेबाजी करने उतरे तो धोनी ने विकेट के पीछे से कहा, आओ कप्तान साहब आओ।

# पंत को कोरोना, आइसोलेशन में साहा कौन बनेगा टीम इंडिया का विकेटकीपर?

**क्रिकेट**

## भारतीय टीम को 28 जुलाई से इंट्रा–स्क्वॉड मुकाबला खेलेगी



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम मुश्किल में है। खास तौर पर विकेटकीपर विकल्प को लेकर। टीम के नियमित विकेटकीपर ऋषभ पंत कोविड–19 संक्रमित हैं और वहीं ऋद्धिमान साहा भी नजदीकी संपर्क की वजह से आइसोलेशन में हैं। ऐसे में केएल राहुल टीम इंडिया के पास विकेटकीपर के रूप में इकलौते विकल्प बचे हैं। हालांकि इस बीच इंग्लैंड में कॉमेंट्री टीम का हिस्सा दिनेश कार्तिक ने भी क्रिकेट किट की तस्वीर पोस्ट कर टीम प्रबंधन को इशारा किया था कि वह प्रैक्टिस मैच में विकेट के पीछे जिम्मेदारी संभाल सकते हैं।

भारतीय टीम को 20 जुलाई से काउंटी चैंपियनशिप टीम के खिलाफ तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेलना है। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले यह मैच भारतीय टीम की तैयारियों का अहम हिस्सा है। राहुल भारतीय टीम के लिए विकेटकीपर के रूप में पहली पसंद नहीं हैं लेकिन अब चूंकि टीम के पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं ऐसे में राहुल के पास खुद को क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में साबित करने का मौका होगा। राहुल मध्य क्रम में बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। ऐसे में जब चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की फॉर्म टीम इंडिया के लिए चिंता का विषय है राहुल के लिए अपनी जगह बनाने का अवसर हो सकता है। विराट कोहली ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद कहा था कि वह टीम इंडिया में कुछ बदलाव करने की सोच रहे हैं।

मौजूदा कोविड–19 परिस्थिति के चलते कुछ खिलाड़ी वॉर्म–अप मैच को मिस कर सकते हैं। एक सप्ताह बाद भारतीय टीम इंट्रा–स्क्वॉड मुकाबला खेलना है। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले यह मैच काफी अहम हो सकता है। बल्लेबाजी के लिए इंग्लैंड की परिस्थितियों को चुनौतीपूर्ण माना जाता है ऐसे में प्रैक्टिस से ही बल्लेबाजों को खुद को ढालने में आसानी होगी।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में मिली हार के बाद भारतीय टीम पर इंग्लैंड सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव है। कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम ने बीते कुछ वर्षों में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने का मलाल उनके साथ जरूर है। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच चार अगस्त से नॉटिंगम में होगा। ब्रिटेन में कोरोना के बढ़ते मामले इस सीरीज के चिंता का विषय है। पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले इंग्लैंड की पूरी टीम को ही आइसोलेशन में जाना पड़ा था।

# अब्दुल रज्जाक के घटिया बोल, टीवी शो में महिला क्रिकेटर के सामने की भद्दी टिप्पणी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर अब्दुल रज्जाक ने हाल ही में महिला टीम की ऑलराउंडर निदा डार पर महिला विरोधी कॉमेंट किया है। रज्जाक अतीत में भी विवादास्पद बयान देते आए हैं लेकिन इस बार उनकी बयान बहुत ज्यादा खराब है।

पाकिस्तान के नियो न्यूज पर एक कार्यक्रम में रज्जाक और डार दोनों मेहमान के तौर पर मौजूद थे। कार्यक्रम के एक हिस्से में खेलों में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा हो रही थी।

एक ओर जहां निदा डार बता रही थीं कि वह क्रिकेट को लेकर कितनी जुनूनी हैं वहीं रज्जाक ने अपनी राय रखी। उन्होंने पहले एक

> निदा डार पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर हैं

घिसी–पिटी बात रखी उन्होंने कहा कि महिला क्रिकेटर पुरुष क्रिकेटरों जितना कामयाब होना चाहती हैं। इसके बाद उन्होंने निदा डार के लुक पर भद्दी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि क्रिकेट खेल–खेलकर इनके हाथ कितने कड़े हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि चूंकि ये महिला क्रिकेटर्स खुद को खेल में इतना ज्यादा लगा देती हैं कि इनकी शादी करने की इच्छा ही समाप्त हो जाती है।

रज्जाक यहीं नहीं रूक बल्कि उन्होंने कहा, यह फील्ड ही ऐसी है। एक बार जब ये क्रिकेटर बन जाती हैं तो वे पुरुष क्रिकेटरों से बेहतर नहीं तो कम से कम बराबर आना चाहती हैं। वे साबित करना चाहती हैं कि सिर्फ पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाएं भी ऐसा कर सकती हैं। वक्त के साथ–साथ उनकी शादी करने की इच्छा समाप्त हो जाती हैं। अगर आप इनसे हाथ मिलाएं तो लड़कियों जैसे तो नहीं लगते। वह इतने पर ही नहीं रुके। उन्होंने कहा, इनकी कटिंग देख लो। निदा ने छोटे बाल रखे हुए थे और रज्जाक ने इसी पर कॉमेंट किया था। रज्जाक को अपने इस कॉमेंट के लिए काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि रज्जाक ने देश का प्रतिनिधित्व किया है लेकिन उनकी सोच बहुत घटिया है। कभी दुनिया के सबसे खतरनाक गेंदबाजों में शामिल जसप्रीत बुमराह को रज्जा ने बेबी बोलर कहकर विवादों का जन्म जन्म दिया था।

## श्रीलंका के खिलाफ भारत के लिए कौन–कौन करेगा ओपन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। शिखर धवन की कप्तानी में टीम इंडिया को श्रीलंका के खिलाफ पहले तीन मैचों की वनडे सीरीज तो उसके बाद तीन मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है। 18 जुलाई से शुरू हो रही इस क्रिकेट सीरीज में श्रीलंका के खिलाफ टीम के कप्तान शिखर धवन तो ओपनर होंगे ही, लेकिन उनके साथ पारी की शुरुआत कौन करेगी। इसके लिए तीन–तीन दावेदार टीम में मौजूद हैं। धवन के अलावा श्रीलंका दौरे पर गई टीम इंडिया में पृथ्वी शॉ, देवदत्त पडीक्कल, रितुराज गायकवाड़ भी ओपनिंग करते हैं। अब इन तीनों में धवन के साथ पृथ्वी शॉ को पहले वनडे में मौका दिया जाएगा। इनसाइडस्पोर्ट की खबर के मुताबिक अभी रितुराज और देवदत्त को इंतजार करना पड़ेगा। श्रीलंका दौरे पर टीम इंडिया पांच ओपनर बल्लेबाजों के साथ गई है, लेकिन टीम मैनेजमेंट इस वक्त पृथ्वी शॉ को मौका देना चाहती है और भविष्य के लिए उन्हें तैयार करना चाहती है। वहीं धवन और शॉ के बीच काफी अच्छा तालमेल है क्योंकि वो एक ही आइपीएल टीम के लिए खेलते हैं।

## न्यूज डायरी



### बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने किया ऋषभ पंत का बचाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने कोरोना वायरस से संक्रमित हुए टीम इंडिया के विकेटकीपर ऋषभ पंत का बचाव किया है। पंत इंग्लैंड में हैं और गुरुवार को खबर आई कि पंत कोविड–19 पॉजिटिव हो गए हैं। पंत फिलहाल आइसोलेशन में हैं और टीम के साथ जुड़ने से पहले उन्हें कोरोना टेस्ट में नेगेटिव आना होगा। पंत यूरो कप 2020 का मैच देखने के लिए गए थे। उन्होंने इसकी तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। इसके बाद उन्हें काफी ट्रोल किया गया था। असल में इस तस्वीर में उन्होंने मास्क नहीं पहना हुआ था। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद टीम इंडिया को तीन सप्ताह का ब्रेक दिया गया था। इस दौरान खिलाड़ी बायो–बबल से बाहर निकल सकते थे। गांगुली ने हालांकि कहा कि पंत को दोष देना सही नहीं होगा। उन्होंने इस युवा क्रिकेटर का बचाव किया। गांगुली ने कहा, हमने इंग्लैंड में यूरो चैंपियनशिप और विंबलडन देखा है। नियम बदल चुके हैं। दर्शकों को मैदान के भीतर जाने की इजाजत है।

### आप वसीम जाफर के वॉटर ब्वॉय पद के लिए क्यों नहीं अप्लाई करते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर को हाल में ओडिशा का हेड कोच नियुक्त किया गया है। जाफर का ओडिशा टीम के साथ करार 2 साल का है। ये पहला मौका नहीं है जब जाफर किसी घरेलू टीम का कोच बने हों बल्कि इससे पहले वह उत्तराखंड टीम के कोच भी रह चुके हैं।
क्रिकेट से संन्यास के बाद जाफर सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन और जाफर सोशल मीडिया पर एक दूसरे की खूब खिंचाई करते रहते हैं। अब जबकि जाफर को ओडिशा का कोच बनाया गया है तो वॉन ने ट्वीट किया, क्या उन्हें (जाफर को) असिस्टेंट की जरूरत है। इसपर जाफर की ओर से तो अभी कोई जवा नहीं आया है लेकिन भारतीय टीम के पूर्व ओपनर के फैंस ने वॉन को जरूर जवाब दिए हैं।

### श्रीलंका की टीम को मिलने वाला है एक और मुरलीधरन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। श्रीलंका के महान स्पिन गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन को न केवल उनकी पीढ़ी के, बल्कि सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्पिन गेंदबाजों में से एक माना जाता है। अपने शानदार करियर में, दाएं हाथ के इस स्पिनर ने 133 मैचों में 22.7 की औसत से 800 टेस्ट विकेट लिए, जो दुनिया के किसी भी खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक हैं। उन्होंने अपने खेल के दिनों में एकदिवसीय मैचों में 534 विकेट चटकाए, जबकि 13 टी20 इंटरनेशनल विकेट भी उनके नाम हैं। हालांकि, इन दिनों श्रीलंकाई टीम को एक ऐसी ही स्पिनर की कमी खल रही है, जो मुरलीधरन जैसा हो। ये समस्या खुद मुरलीधरन हल कर सकते हैं। अपने अनोखे एक्शन के लिए जाने जाने वाले मुरलीधरन ने दुनिया के कुछ बेहतरीन बैटिंग लाइन–अप को झकझोर दिया। मुरलीधरन की स्पिन गेंदबाजी से निपटने के लिए सचिन तेंदुलकर, एडम गिलक्रिस्ट, सईद अनवर जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने भी संघर्ष किया।

### पाकिस्तान की टी20 टीम में क्रिकेटरों से ज्यादा पहलवान दिखाई देते है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर आकिब जावेद का कहना है कि उन्हें देश की मौजूदा टी20 टीम में क्रिकेटरों की तुलना में अधिक पहलवान दिखाई देते हैं। पाकिस्तान के अंडर –19 संगठन का मुख्य कोच और सीनियर टीम के गेंदबाजी कोच रह चुके इस पूर्व खिलाड़ी ने टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं की उचित नीति या योजना नहीं होने के लिए आलोचना की। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता वे क्या कर रहे हैं? टी20 टीम में खिलाड़ियों से ज्यादा पहलवान दिखाई देते हैं। आकिब ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए शरजील खान, आजम खान, सोहेब मकसूद की फिटनेस पर सवालिया निशान हैं।